दिनांक : 22.08.2125 समय : 07:10AM

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी, भोपाल

प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :-

- प्रधानमंत्री आज बिहार और पश्चिम बंगाल के दौरे पर, कई विकास कार्यो की देंगे सौगात।
- ऑनलाइन गेमिंग विधेयक संसद में पारित, प्रधानमंत्री ने कहा-यह विधेयक समाज को मनी गेम्स के दुष्प्रभावों से बचाएगा।
- प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में 70 प्रतिशत घरों तक पहुंचा नल से जल।
- प्रदेश के अधिकाशं हिस्सों में भारी बारिश का अलर्ट।

पीएम-बिहार पश्चिम बंगाल दौरा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज बिहार और पश्चिम बंगाल के दौरे पर रहेंगे। श्री मोदी इस दौरान दोनों राज्यों को विकास कार्यो की कई सौगात देंगे। प्रधानमंत्री बिहार के गया में लगभग 13 हजार करोड़ रूपए मूल्य के विकास परियोजनाओं का शुभारंभ और शिलान्यास करेंगे। वे दो रेलगाड़ियों को झंडी दिखाकर रवाना करेंगे और उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करेंगे। इसके बाद वे गंगा नदी पर औंटा-सिमरिया पुल परियोजना का उद्घाटन करेंगे। इससे मोकामा और बेगुसराय के बीच सीधा संपर्क उपलब्ध होगा। इस नए पुल से उत्तर और दक्षिण बिहार के बीच आने-जाने वाले वाहनों के लिए एक सौ किलोमीटर से अधिक की यात्रा दूरी कम हो जाएगी।

पश्चिम बंगाल में, प्रधानमंत्री आज शाम कोलकाता में नवनिर्मित खंडों पर मेट्रो ट्रेन सेवा का शुभारंभ करेंगे। वे जेसोर रोड मेट्रो स्टेशन से जयहिंद बिमानबांदर स्टेशन तक स्वंय मेट्रो से यात्रा करेंगे। इसके बाद वे कोलकाता में पांच हजार दो सौ करोड़ रूपए मूल्य से अधिक की विकास परियोजनाओं का शुभारंभ और शिलान्यास करेंगे।

प्रधानमंत्री ऑनलाइन गेमिंग विधेयक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि संसद द्वारा पारित ऑनलाइन गेमिंग भारत को गेमिंग, नवाचार और रचनात्मक सृजनशीलता का केंद्र बनाने की उनकी सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। श्री मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि यह विधेयक समाज को ऑनलाइन मनी गेम्स के दुष्प्रभावों से भी बचाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार ई-स्पोर्ट्स और ऑनलाइन सोशल गेम्स को बढ़ावा देगी।

इससे पहले कल संसद में ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन और विनियमन विधेयक, 2025 पारित कर दिया है। इसे राज्यसभा ने भी मंजूरी दे दी। इस विधेयक में ऑनलाइन मनी गेम्स की पेशकश, संचालन या सुविधा पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का प्रावधान है। कानून का उल्लंघन करने पर तीन साल तक की कैद और एक करोड़ रुपये तक के जुर्माने या दोनों का प्रावधान किया गया है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि ऑनलाइन मनी गेमिंग के कारण कई परिवारों को आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ा है।

ऑनलाईन मनी गेम्स-प्रतिक्रिया

हानिकारक ऑनलाईन मनी गेम्स पर पाबंदी लाने वाले विधेयक के संसद से पारित होने पर हर क्षेत्र के लोगों ने स्वागत किया है। आकाशवाणी के साथ चर्चा करते हुए भोपाल की साफ्टवेयर डेवलपर अक्छा सोएब ने कहा –

इसी तरह युवा पुनीत सूर्यवंशी ने इसे राहत वाला बिल बताया है।

नल से जल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार की प्रतिबद्धता केवल हर घर तक नल से जल पहुँचाने की ही नहीं बल्कि यह सुनिश्चित करना भी है कि पेयजल सुविधा आने वाले वर्षों तक सतत और गुणवत्तापूर्ण रूप में उपलब्ध हो। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कल भोपाल में ग्रामीण नल-जल प्रदाय योजनाओं के संचालन एवं संधारण नीति के प्रारूप पर हुई बैठक में यह बात कही। उन्होंने कहा कि ग्रामीण नलजल योजनाओं के संचालन और संधारण की नीति को इस प्रकार तैयार किया जाय, जिससे हर गांव में स्वच्छ पेयजल की स्थायी व्यवस्था बने और किसी भी परिवार को पानी के लिए कठिनाई न उठानी पड़े। बैठक में जानकारी दी गई कि प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्र में 70 प्रतिशत घरों तक नल से जल पहुंचाया जा चुका है। मार्च 2027 तक शतप्रतिशत लक्ष्य पूरा कर लिया जाएगा।

रेलवे गणपति विशेष रेलगाड़ी

रेलवे, त्योहारों के अवसर पर श्रद्धालुओं और यात्रियों की सुगमता के लिए 380 गणपति विशेष यात्री रेलगा़ड़ियां चलाएगी। वर्ष 2023 में इस प्रकार की कुल 305 रेलगाड़ियां चलाई गईं थीं, लेकिन पिछले वर्ष इनकी संख्या बढ़कर 358 हो गई। गणपति पूजा 27 अगस्त से 6 सितंबर तक मनाई जाएगी।

रेल मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि महाराष्ट्र और कोंकण क्षेत्र में त्योहारों के दौरान यात्रियों की मांग पूरी करने के लिए मध्य रेलवे सबसे अधिक 296 विशेष रेलगाड़ियां चलाएगी। पश्चिम रेलवे 56, कोंकण रेलवे 6 और दक्षिण पश्चिम रेलवे 22 गणपति विशेष रेलगाड़ियां चलाएगी।

गड़करी-जबलपुर

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कल जबलपुर में प्रदेश के सबसे बड़े और अत्याधुनिक फ्लाईओवर का लोकार्पण करेंगे। लगभग 1052 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित 6.855 किलोमीटर लंबा यह एलिवेटेड कॉरिडोर न केवल मध्यप्रदेश का सबसे बड़ा फ्लाईओवर है, बल्कि इसमें कई ऐसी विशेषताएं भी शामिल हैं जो इसे विशिष्ट पहचान देती हैं। इस परियोजना में कुल 3 बो-स्ट्रिंग ब्रिज भी शामिल किए गए हैं।

मौसम

प्रदेश में मानसून पूरी तरह से सक्रिय है। प्रदेश में अब तक औसतन 32.4 इंच बारिश दर्ज की जा चुकी है, जो पूरे मानसून सीजन के तय कोटे का लगभग 87 प्रतिशत है। मौसम विभाग ने अगले पांच दिनों तक प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में भारी से अति भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने आज धार, उज्जैन और श्योपुरकला में भारी बारिश का आरेंज अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा इन्दौर, नीमच और बालाघाट सहित 22 जिलों में भारी बारिश का यलो अलर्ट जारी किया गया है।

अंडर-20 कुश्ती चैंपियनशिप

भारत ने बल्गारिया में आयोजित अंडर-20 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप-2025 में कल दो रजत पदक जीते। महिलाओं के 55 किग्रा वर्ग में, रीना को फाइनल में अमरीका की एवरेस्ट लेडेकर से 2-10 से हारकर रजत पदक से संतोष करना पड़ा। उधर, 76 किग्रा वर्ग के फाइनल में प्रिया मलिक भी यूक्रेन की नादिया सोकोलोवस्का से हार गईं और उन्हें भी रजत पदक मिला। चैंपियनशिप में अबतक भारत के पदकों की संख्या पांच हो गई है, जिसमें एक स्वर्ण और चार रजत पदक हैं।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- खंडवा के लोकसभा सांसद ज्ञानेश्वर पाटील ने प्रधानमंत्री से शिष्टाचार भेंट की। उन्होंने खंडवा संसदीय क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिये कृषि, पर्यटन और उद्योगो के स्थापना हेतु विशेष पैकेज स्वीकृत करने का अनुरोध किया।
- भोपाल सांसद आलोक शर्मा ने नई दिल्ली में केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल से मुलाकात कर भोपाल में हाईकोर्ट बेंच स्थापित करने की मांग की है।
- शिवपुरी जिले में अपने दौरे के दौरान कल केंद्रीय संचार एवं उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बाढ़ प्रभावित कोलारस के गाँव लिलवारा का दौरा किया।
- मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 में 10वीं और 12वीं के परीक्षा फार्म भरने के लिए ऑटोमेटेड परमानेंट एकेडमिक अकाउंट रिकॉर्ड की अनिवार्यता को खत्म कर दिया है।
- मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना के अंतर्गत मंदसौर जिले से मथुरा-वृंदावन की यात्रा का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने श्रद्धालुओं का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया तथा उन्हें ट्रेन में बैठाकर शुभकामनाएँ दीं।
- भारत सरकार के कृषि व किसान कल्याण मंत्रालय की नेशनल मिशन ऑन नेचुरल फॉर्मिंग योजना के तहत इंदौर जिले में 07 बायो इनपुट रिसोर्स सेंटर की स्थापना की जाएगी। जिले में योजना के तहत 10 नेचुरल फॉर्मिंग क्लस्टर बनाये गये हैं।

-------